श्री बीरेन्द्र कुमार, माननीय स०वि०स० से प्राप्त शून्यकाल का उत्तर प्रतिवेदन

प्रश्न	उत्तर प्रतिवेदन
पश्चिमी कोशी नहर परियोजना के विस्तारीकरण, नवीनीकरण एवं आधुनिकीकरण कार्य के लिए दरंभगा जिला अंतर्गत कुल 16 प्रखंडों एवं मधुबनी 20 प्रखंडों को लिया गया है। समस्तीपुर जिले के कल्याणपुर, वारिसनगर,, खानपुर, शिवाजीनगर, रोसड़ा एवं सिंघिया को भी इस योजना में शामिल करने की मांग सरकार से करता हूँ।	वस्तुस्थिति यह है कि पश्चिमी कोशी नहर परियोजना के विस्तारीकरण, नवीकरण एवं आधुनिकीकरण कार्य अन्तर्गत पूर्व से निर्मित नहर प्रणाली में नवीकरण एवं आधुनिकीकरण के कार्य के साथ-साथ उग्रनाथ शाखा नहर, विदेश्वर स्थान उपशाखा नहर एवं काकरधाटी शाखा नहर का विस्तारीकरण एवं इसके अंतर्गत नहर प्रणाली का निर्माण कार्य कराया जाना है। पूर्व से निर्मित नहर प्रणाली का अधिकांश भाग मधुबनी जिला में एवं आंशिक भाग दरभंगा जिला में अवस्थित है । पश्चिमी कोशी मुख्य नहर कोशी बराज के दायाँ शीर्ष नियामक से निकलती है जिसकी कुल लम्बाई 35.13 कि०मी० नेपाल भाग में तथा 56.69 कि०मी० भारतीय भाग में है। इस नहर का रूपांकित जलश्राव 8500 क्यूसेक है । इस जलश्राव के आधार पर ही निर्मित नहर प्रणाली एवं विस्तारीकरण के पश्चात नहर प्रणाली में जलश्राव प्रवाहित किया जाना हैए जिसका अनुमोदन केन्द्रीय जल आयोग नई दिल्ली द्वारा दी गई है। उग्रनाथ शाखा नहर, विदेश्वर स्थान उपशाखा नहर एवं काकरघाटी शाखा नहर का विस्तारीकरण के पश्चात भी इसका अंतिम छोर दरभंगा जिला में ही समाप्त हो जाता है । नहर प्रणाली का निर्माण रूपांकित जलश्राव के आधार पर ही किया जाता है। उपरोक्त वर्णित नहरों को इसके आगे समस्तीपुर जिले के कल्याणपुर, वारिसनगर, खानपुर, शिवाजीनगर, रोसड़ा एवं सिंधिया में विस्तारीकरण करने से इसकी उपयोगिता नहीं रह पाएगी । अतएव समस्तीपुर जिला में पश्चिमी कोशी नहर परियोजना का विस्तारीकरण करना तकनीकी दृष्टिकोण से संभव नहीं है ।

बिहार सरकार
जल संसाधन विभाग

ज्ञापांक–25 / वि0स0शून्य0(द0)–13–36 / 2026– पटना, दिनांक–

प्रतिलिपि– अवर सचिव, बिहार विधान सभा सचिवालय, बिहार, पटना को उनके अष्टादश बिहार विधान सभा, के द्वितीय सत्र के प्रसंग में शून्य काल का उत्तर प्रतिवेदन (पाँच प्रति) सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

ह0 / –
(अनिल कुमार गुप्ता)
संयुक्त सचिव

ज्ञापांक–25 / वि0स0शून्य0(द0)–13–36 / 2026– पटना, दिनांक–

प्रतिलिपि– उप सचिव, संसदीय कार्य विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

ह0 / –
(अनिल कुमार गुप्ता)
संयुक्त सचिव

ज्ञापांक–25 / वि0स0शून्य0(द0)–13–36 / 2026– पटना, दिनांक–

प्रतिलिपि– प्रशाखा पदाधिकारी, प्रशाखा–17, जल संसाधन विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

ह0 / –
(अनिल कुमार गुप्ता)
संयुक्त सचिव

ज्ञापांक–25 / वि0स0शून्य0(द0)–13–36 / 2026– 2277 पटना, दिनांक– 22/05/2026

प्रतिलिपि– कार्यपालक अभियंता, आई0 टी0 सेंटर, जल संसाधन विभाग, बिहार, पटना को विभागीय वेबसाईट पर अपलोड करने हेतु प्रेषित।

22.05.26
(अनिल कुमार गुप्ता)
संयुक्त सचिव
22.05.26

Desktop-R.M.F./2025/ Sec-25/memo